# अडाणी एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन पर मुख्यमंत्री योगी बोले, व्यक्ति के साथ पूंजी की सुरक्षा भी जरूरी

# कानपुर में बने गोले दुश्मन के छक्के छुड़ाएंगे

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। कानपुर डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। 1500 करोड़ की पहली रक्षा निर्माण इकाई के साथ डिफेंस कॉरिडोर में काम शुरू हो गया। पहले चरण में यहां तोप के गोले, कारतूस, हैंडग्रेनेड बनने शुरू हो गए हैं। इस बड़ी पहल को भारत की आत्मनिर्भरता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर में छह नोड बनाने के लिए अलीगढ़, झांसी, आगरा, चित्रकूट, लखनऊ और कानपुर को चुना गया है। इसके लिए 5,000 हेक्टेयर जमीन की जरूरत होगी। इसमें से 2023 हेक्टेयर जमीन की व्यवस्था की जा चुकी है। बाकी नोड तैयार करने में भी कोई दिक्कत नहीं आने वाली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के लिए कानपुर में आईआईटी और एचबीटीयू हैं। इनकी भी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निवेश को लेकर भी सपा सरकार पर हमला बोला। कहा कि यूपी में पहले कोई निवेश में रुचि नहीं दिखाता था। निवेशक भागते थे। अब भारी निवेश हो रहा है। व्यक्ति की सुरक्षा के साथ ही पूंजी की सुरक्षा में भी जरूरी है। अब यूपी में पूंजी की सुरक्षा की गारंटी है।



कानपुर में सोमवार को अडाणी एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स यूनिट का मॉडल देखते मुख्यमंत्री योगी, चीफ आफ आर्मी स्टाफ मनोज पांडेय।

## लंबे संघर्ष की तैयारी जरूरीः मनोज पांडेय

चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ मनोज पांडेय ने कहा कि हाल में हुई भू-राजनीतिक घटनाएं संकेत देती हैं कि लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की तैयारी जरूरी है। आयुध के लिए आंतरिक स्रोतो से आपूर्ति जरूरी है। इतनी बड़ी तकनीक को स्वदेशी बनाने के लिए अडाणी डिफेंस एवं एयरोस्पेस की यह बड़ी पहल है।

## 20 हजार रोजगार पैदा होंगेः करन अडाणी

अडाणी पोर्ट्स के एमडी करन अडाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भरता अभियान के तहत यह बड़ा रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम है। इससे चार हजार प्रत्यक्ष और 16 हजार परोक्ष रोजगार के अवसर बनेंगे। यह रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के साथ आर्थिक प्रगति के लिए मुफीद होगा। इलाके के विकास में अपनी बड़ी भूमिका निभाएगा।

## योगी ने पांच राउंड फायरिंग करके जानी विशेषता

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी ने अदाणी ग्रुप के एम्युनिशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स में घूमकर अवलोकन किया। वहां पर बनी फायरिंग रेंज में कार्बाइन से पांच राउंड फायरिंग कर निशाना साधा। मुख्यमंत्री को रक्षा विशेषज्ञों ने हथियारों और गोला बारूद की विशेषताओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने ड्रोन, गोलियों और गोला-बारूद की प्रदर्शनी को देखकर प्रसन्नता जताई।

**03** हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा कॉम्प्लेक्स में

**04** हजार से अधिक नौकरियां मिलेंगी इस कॉम्प्लेक्स के जरिए

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बेहद जरूरी : राजनाथ



कानपुर। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने साढ़ में कार्यक्रम के दौरान एक वीडियो संदेश जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि दुनिया में भू-राजनीतिक माहौल के मद्देनजर रक्षा क्षेत्र के स्वदेशी निर्माण में आत्मनिर्भरता भारत के लिए जरूरी है। स्वयं को मजबूत करने की दिशा में कानपुर में अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के हथियार और गोला-बारूद कॉम्पलेक्स की शुरुआत एक कदम है। रक्षामंत्री ने कहा कि देश की रक्षा क्षेत्र में मजबूती के लिए दो अहम आधार है। पहला सैन्य बल, उसका प्रशिक्षण और मुस्तैदी और दूसरा इन्फ्रास्ट्रक्चर और स्किल डेवलपमेंट।